# BULANDSHAHR POLICE

**दिनाँक 24 अप्रैल, 2025** **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना सिकन्द्राबाद**

## पेट्रोल पंप मैनेजर की हत्या में वांछित बदमाशों से थाना सिकन्द्राबाद पुलिस व स्वाट टीम की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 25-25 हजार रूपये के पुरस्कार घोषित 02 बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस व बाइक बरामद।

अवगत कराना है कि आज दिनांक 23/24.04.2025 की रात्रि को थाना सिकन्द्राबाद पुलिस व स्वाट टीम एक अभिसूचना के आधार पर हदीमपुर गेट के पास संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग कर रही थी उसी समय ग्राम जौली की तरफ से बाइक पर दो संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये जिनको रूकने का इशारा किया गया तो नही रुके बल्कि पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए बाइक को तेजी से लेकर जंगल की तरफ जाने वाले रास्ते पर भागने लगे। जिसपर पुलिस टीम द्वारा बदमाशों का पीछा किया गया तो कुछ दूरी पर बदमाशों की बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गयी। बदमाशों द्वारा अपने आपको पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में 02 बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गये। गिरफ्तार/घायल बदमाशों की पहचान 1. ललित पुत्र भूपसिंह निवासी ग्राम जौली थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर 2. सचिन पुत्र मदनलाल निवासी ग्राम मिलक खटाना थाना जारचा जनपद गौतमबुद्ध नगर के रुप में हुई हैं, जिनको उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस व बाइक बरामद हुए है।

उल्लेखनीय है कि बदमाश शातिर किस्म के अपराधी हैं। जिनके द्वारा दिनांक 09.04.2025 को थाना सिकन्द्राबाद क्षेत्रान्तर्गत सिकन्द्राबाद-ककोड़ रोड़ पर पेट्रोल पंप मैनेजर की हत्या की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना सिकन्द्राबाद पर मुअसं 334/25 धारा 103(1) बीएनएस पंजीकृत है। जिनकी गिरफ्तारी पर 25-25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित किया गया था। अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे थे।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

1. ललित पुत्र भूपसिंह निवासी ग्राम जौली थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।
2. सचिन पुत्र मदनलाल निवासी ग्राम मिलक खटाना थाना जारचा जनपद गौतमबुद्ध।

**बरामदगी-**

1- 02 अवैध पिस्टल 32 बोर, 02 जिन्दा व 04 खोखा कारतूस 32 बोर।
2- 01 स्प्लैंडर बाइक (बिना नम्बर प्लेट)।

**अभियुक्त सचिन का आपराधिक इतिहास-**

1- मुअसं-1623/13 धारा 395/397/412/120बी भादवि थाना सिहानी गेट जनपद गाजियाबाद।
2- मुअसं-505/14 धारा 2/3 गैंगस्टर अधिनियम थाना सिहानी गेट जनपद गाजियाबाद।
3- मुअसं-141/14 धारा 25/27 आयुध अधिनियम थाना सिहानी गेट जनपद गाजियाबाद।
4- मुअसं-505/14 धारा 2/3 गैंगस्टर अधिनियम थाना सिहानी गेट जनपद गाजियाबाद।
5- मुअसं-342/15 धारा 392 भादवि थाना दादरी जनपद गौतमबुद्धनगर।
6- मुअसं-195/15 धारा 392 भादवि थाना फेस-2 जनपद गौतमबुद्धनगर।
7- मुअसं-564/15 धारा 25 शस्त्र अधिनियम थाना दादरी जनपद गौतमबुद्धनगर।
8- मुअसं-332/15 धारा 392 भादवि थाना दादरी जनपद गौतमबुद्धनगर।
9- मुअसं-668/15 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना दादरी जनपद गौतमबुद्धनगर।
10- मुअसं-872/17 धारा 302/201/34 भादवि थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।
11- मुअसं-309/17 धारा 147/148/149/342/323/504/506/353/188 भादवि थाना जारचा जनपद गौतमबुद्धनगर।
12- मुअसं-256/19 धारा 452/352/323/504/506 भादवि थाना जारचा जनपद गौतमबुद्धनगर।
13- मुअसं-942/21 धारा 386 भादवि थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।
14- मुअसं-3/22 धारा 25 आयुध अधिनियम भादवि थाना क्राइम ब्रांच दिल्ली।
15- मुअसं-98/24 धारा 147/149/307/120बी भादवि थाना जारचा जनपद गौतमबुद्धनगर।

16- मुअसं-383/25 धारा 109(1) बीएनएएस व 3/25/27 थाना सिकन्द्राबाद बुलन्दशहर।

17- मुअसं-334/25 धारा 103(1) बीएनएस थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।

**अभियुक्त ललित का आपराधिक इतिहास-**

1- मु0अ0स0 166/2013 धारा 302 भादवि थाना सिकन्द्राबाद बुलन्दशहर।

2- मु0अ0स0 423/2023 धारा 307 भादवि थाना सिकन्द्राबाद बुलन्दशहर

3- मु0अ0स0 383/25 धारा 109(1) बीएनएएस व 3/25/27 थाना सिकन्द्राबाद बुलन्दशहर।

4- मुअसं-334/25 धारा 103(1) बीएनएस थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1- श्री अनिल कुमार शाही प्रभारी निरीक्षक थाना सिकन्द्राबाद।

2- उ0नि0 अरुण कुमार, उ0नि0 के.के. गौतम, उ0नि0 दलसिंह, उ0नि0 शिवशंकर, उ0नि0 शिवमकुमार।

3- का0 रोहित, का0 सतबीर, का0 कुल्दीप।

**गिरफ्तार करने वाली स्वाट टीम-**

1- उ0नि0 श्री राहुल चौधरी, प्रभारी स्वाट टीम।

2- है0का0 कपिल नैन, है0का0 प्रदीप कुमार, है0का0 निकुंज यादव, है0का0 राहुल त्यागी, है0का0 मनीष त्यागी, है0का0 मौ0 आरिफ, का0 सचिन चौहान, का0 रोहित कुमार, का0 नरेन्द्र कुमार, का0 अमित कुमार।








**मीडिया सेल बुलंदशहर**